दिनांक: 24.09.2026
समय : 01:00 पी.एम.
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा जीवन का मुख्य उद्देश्य और स्वभाव में होनी चाहिए। श्री मोदी ने बीकानेर में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक सेवा यात्रा पर जा रहे यात्रियों से संवाद किया। ये यात्रा कल बीकानेर पहुंची थी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा ही सर्वोच्च कर्तव्य है और यही जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। ये पीढ़ी विकसित भारत की निर्माता भी है और लाभार्थी भी है।

--------------------------------

सेवा यात्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए और अभियान के तहत पौधारोपण तथा स्वच्छता अभियान चलाए जाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर से इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी भी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वडनगर से वाराणसी जा रही बाइक रैली को रवाना किया।

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए आज सरपंच और वार्ड पंच पदों के आरक्षण की लॉटरी निकाली जा रही है। उपखंड स्तर पर हो रही इस लॉटरी के जरिए प्रदेश की 14 हजार 403 ग्राम पंचायतों में सरपंच और एक लाख 30 हजार से अधिक वार्ड पंच पदों के लिए आरक्षण तय किया जा रहा है। इनमें 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। सरपंच पदों में अनुसूचित जाति के लिए 2 हजार 493, अनुसूचित जनजाति के लिए 3 हजार 58 ग्राम पंचायतें निर्धारित की गई हैं। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक हजार 961 ग्राम पंचायतें तय की गई हैं। जयपुर में एसडीएम प्रथम खुशबु शर्मा ने झोटवाड़ा पंचायत समिति की 19 ग्राम पंचायतों के सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए आरक्षण की लॉटरी निकाली। जयपुर जिले की 22 पंचायत समितियों में 597 सरपंच और 5 हजार 931 वार्ड पंच पदों के लिए चुनाव होंगे।

शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स आज जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। रेलवे स्टेशन पर लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पर्यटकों का स्वागत किया। इसके बाद सैलानी

जयपुर के ऐतिहासिक स्मारकों के भ्रमण के लिए रवाना हुए। ट्रेन में आठ देशों के 64 पर्यटक जयपुर पहुंचे हैं। इनमें भारत के 22, ब्रिटेन के 14, अमेरिका के 13 और ऑस्ट्रेलिया के आठ पर्यटक शामिल हैं।

जर्मनी, स्विट्जरलैंड और स्पेन से दो–दो तथा पुर्तगाल से एक पर्यटक भी दल में शामिल है।

हनुमानगढ़ के महात्मा गांधी राजकीय जिला अस्पताल में मदर लैब जल्द ही शुरू की जाएगी। अस्पताल के पीएमओ डॉ. शंकर सोनी ने बताया कि नई लैब में करीब 150 तरह की जांच एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि ये लैब पीपीपी मॉडल पर आधारित होगी। लैब के लिए मशीनें अस्पताल पहुंच चुकी हैं और निजी कंपनी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

झालावाड़ पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित आय से खरीदी गई तीन करोड़ दो लाख रुपये से अधिक की संपत्तियां स्थायी रूप से फ्रीज की हैं। 'ऑपरेशन दिव्य प्रहार 2.0' के तहत तस्कर सुगनचंद तंवर और उसके परिवारजनों के नाम दर्ज संपत्तियों पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार इनमें तीन मकान, कृषि भूमि और वाहन शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68–एफ के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद संबंधित लोग इन संपत्तियों का स्वतंत्र रूप से उपयोग या विक्रय नहीं कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस 138वीं कड़ी का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चौनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।